## खबर संक्षेप



यमुनानगर के मून स्टार प्री स्कूल रादौर में आयोजित प्रतियोगिता में अपने जौहर दिखाते बच्चे।

### खेलों का है जीवन में बहुत बड़ा महत्वः उपनेजा

**रादौर।** रादौर के मून स्टार प्री स्कूल में शनिवार को स्पोर्टस डे का आयोजन किया गया। जिसमें सभी बच्चों ने विभिन्न प्रकार के खेलों में हिस्सा लिया। स्पोर्टस डे का शुभारंभ स्कूल की प्रिंसीपल सीमा उपनेजा ने रिबन काटकर किया। स्पोर्टस डे पर आयोजित खेलों में नव्या, मानवी, लविश, शैक, अविका व विराज आदि ने अलग-अलग खेलों में जीत हासिल की। मौके पर विजेता बच्चों को प्रिंसीपल सीमा उपनेजा ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रिंसीपल सीमा उपनेजा ने कहा कि खेलों का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। खेलों से बच्चों का शरीर स्वस्थ रहता है। जिससे पढ़ाई में भी मन लगता है।

### पैदल भक्तों का कारवां हुआ रवाना

**समालखा।** करनाल जिले के तरावड़ी शहर से श्री श्याम बाबा की पैदल ध्वज यात्रा लेकर भक्तों का कारवां चुलकाना धाम के लिए रवाना हो चुका है। श्री श्याम बाबा की पूजा अर्चना करके भक्तों ने बाबा का निशान उठाया और मुंह में श्याम नाम जपते हुए चुलकाना धाम के रास्ते पर चल पड़े। आज रात पानीपत में ठहरने की व्यवस्था पानीपत के श्याम भक्तों द्वारा की गई है। सुबह पानीपत से फिर चल पड़ेंगे तथा चुलकाना धाम आखिरी पड़ाव होगा। श्री श्याम बाबा के प्राचीन सद्धि वश्वि प्रसद्धि मंदिर में निशान चढ़ाएंगे।

### अमरजीत सिंह बने वीर बाल दिवस के प्रदेश सह संयोजक

**पानीपत।** पूरे प्रदेश में वीर बाल दिवस 26 दिसम्बर पर कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिनमें साहबजाद्धों के बलिदान को याद कर नमन किया जाएगा। ये शब्द भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के प्रदेश मंत्री ने अपने लतीफ गार्डेन स्तिथ कार्यालय पर अपनी टीम के सदस्यों को वीर बाल दिवस के बारे विचार विमर्श करते हुए कहे। अमर जीत सिंह कोहली ने उनको वीर बाल दिवस का प्रदेश सह संयोजक बनाने पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल तथा प्रदेश अध्यक्ष नायाब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया।

# विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा का किया जोरदार स्वागत

## गांव दड़वा माजरी व नगांवा जागीर में पहुंची जनसंवाद संकल्प यात्रा

- विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने दिलवाई हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा शनिवार को खंड जगाधरी के गांव दड़वा माजरी व नगांवा जागीर में पहुंचने पर ग्रामीणों का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने भाग लिया। इस दौरान विधायक ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का निरीक्षण किया। विधायक घनश्यामदास अरोड़ा ने कहा कि विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा कार्यक्त्रम में सभी ग्राम वासियों को सरकारी सेवाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की मनोहर सरकार ने प्रदेश में 1 लाख 80 हजार रुपये की आय वाले परिवारों की लड़कियों को कॉलेजों में मुफ्त शिक्षा मिलेगी। इसके अलावा 3 लाख की वार्षिक आय वाले परिवारों की बेटियों को आधी फीस भरनी होगी। इनकी आधी फीस सरकार कॉलेज में भरेगी। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बड़े विजन के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे दिन दूर नहीं जब भारत विश्व गुरु बनकर दुनिया का मार्गदर्शन करेगा। इस अवसर पर विकसित भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा का एलईडी वैन से ग्रामीणों को प्रधानमंत्री का भाषण सुनाया गया। विकसित भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा कार्यक्त्रम के दौरान सभी ने एक साथ मिलकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लेते हुए शपथ ली। मौके पर कार्यक्रम में राज दुलारी, गोपीनाथ, जगपाल सिंह, अनार कौर, गूंगा, लाडो की तत्काल बुढ़ापा पैंशन बनाई गई तथा उज्जवला योजना के तहत सिंदर कौर को गैस कनेक्शन दिया गया। वहीं, सुहाना, सुखमीत, सरस्वती, विक्त्रांत को विभिन्न प्रतियोगिता में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। विधायक द्वारा प्रगतिशील किसान बुधराम, रणधीर व मांगेराम को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसडीएम जगाधरी यश जालुका, नगर निगम मेयर मदन चौहान, सरपंच कैत लाल सिंह, सरपंच फतेहपुर अरविन्द आदि मौजूद थे।



यमुनानगर के जगाधरी के दड़वा माजरी में जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का निरीक्षण करते हुए विधायक घनश्याम दास अरोड़ा।

# ब्लॉक सरपंच एसोसिएशन के सदस्यों ने पूर्व राज्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन



**रादौर।** अपनी मांगों को लेकर पूर्व राज्यमंत्री कर्णदेव कांबोज को ज्ञापन सौंपते ब्लॉक के सरपंच। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रादौर ब्लॉक सरपंच एसोसिएशन ने अपनी मांगो को लेकर मुख्यमंत्री व पंचायत मंत्री के नाम पूर्व राज्यमंत्री कर्णदेव कांबोज को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान पूर्व राज्यमंत्री कर्णदेव कांबोज ने एसोसिएशन के सदस्यों को उनकी मांगो संबंधित ज्ञापन मुख्यमंत्री तक भेजे जाने का आश्वासन दिया। शनिवार को रादौर ब्लॉक सरपंच एसोसिएशन के सदस्य प्रधान परमजीत सिंह पम्मी के नेतृत्व में रादौर में प्रदेश के पूर्व राज्यमंत्री कर्णदेव कांबोज से मिले। उन्होंने मुख्यमंत्री व पंचायत मंत्री के नाम उन्हें सौंपे ज्ञापन में कहा कि 15 अगस्त व 26 जनवरी के कार्यक्रम को लेकर गांव की पंचायत को मात्र 500 रुपये खर्च करने का अधिकार दिया गया है। जो ना के बराबर है। इसलिए इस खर्च की राशि को बढ़ाया जाए। वहीं, 1996 एक्ट में पंचायत को कोर्ट के मामलों में 5500 रुपये फीस देने के लिए निर्धारित की गई है। जिसमें वृद्धि की जाए, सरकारी कार्यक्रमों के लिए पंचायतों को तीन हजार रुपये प्रति वर्ष खर्च के तौर पर दिए जाते हैं, जिनमें वृद्धि की जाए। इसके अलावा पंचायतों की समस्याओं को जल्द दूर किया जाए। इस अवसर पर सतीश घिलौर, रणबीर सिंह सांगीपुर, बलविंदर बरसान, परमजीत सिंह बापा, जॉनी हिरणछप्पर, आकाश राणा लालछप्पर, विकास मारुपुर, मोहित उन्हेंडी, रविंद्र ,सचिन धानुपुरा व परवीर गुमथला आदि मौजूद रहे।

# निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में समान रुप से किए जा रहे हैं विकास कार्यः-चौहान

- नगर निगम के मेयर मदन चौहान ने शहर के दौलतपुर में 16 .58 लाख रुपये की लागत से बनने वाले विकास कार्यों का किया शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नगर निगम यमुनानगर द्वारा हर वार्ड में करोड़ों रुपये के विकास कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में मेयर मदन चौहान ने वार्ड नंबर 12 के गांव दौलतपुर में 16.58 लाख रुपये से बनने वाली तीन गलियों के नवनिर्माण व श्मशान घाट के विकास कार्य का शिलान्यास किया। इस दौरान मेयर मदन चौहान, पार्षद संजीव कुमार, हज कमेटी हरियाणा सरकार के सदस्य नसीम खान व अन्य ने नारियल फोड़कर तीनों विकास कार्योंर् का शुभारंभ किया। मेयर मदन चौहान ने संबंधित अधिकारियों को तीनों कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखकर निर्माण तीव्रता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा हाल में ही में ताजकपुर की फिरनी व कई गलियों के नवनिर्माण का कार्य शुरू किया था। यह कार्य प्रगति पर है। अब दौलतपुर में 16.58 लाख की लागत से मस्जिद से फारूख के घर तक, फिरनी से इस्लाम के घर तक व इस्लाम से सलीम के घर तक गलियों का नवनिर्माण किया जाएगा। सभी गलियों में पानी की निकासी के लिए भूमिगत पाइप लाइन भी डाली जाएगी। इसके अलावा दौलतपुर के श्मशान घाट में टाइल बिछाने का कार्य किया जाएगा। मेयर मदन चौहान ने कहा कि वार्ड 12 में 27.06 करोड़ रुपये की लागत से 90 विकास कार्य किए जाने हैं। इनमें से अधिकतर काम हो चुके हैं। कुछ निर्माणाधीन है। कुछ अभी शुरू हुए हैं। जिन्हें जल्द पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा हर वार्ड में करोड़ों रुपये के विकास कार्य हो चुके हैं और करोड़ों के ही निर्माणाधीन है। जिन्हें जल्द पूरा किया जाएगा। अब तक हमने सभी 22 वाडोंर् में लगभग 302 करोड़ रुपये के विकास कार्य करवाए हैं। सफाई व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट व पार्क के सौंदर्यीकरण के कार्य प्रगति पर है। मौके पर पार्षद संजीव कुमार, पार्षद सुरेंद्र शर्मा, एमई कुलदीप यादव, जेई गोपाल, मास्टर धर्मवीर, इशरपुर सरपंच राजेश, रायपुर पूर्व सरपंच भूरा, अजय शर्मा, हाजी अदरीश, असरा, यासीन, सलीम, इस्लाम, मुस्तकीम, आबिद, मतलूब, कर्मचंद, अरुण व विशाल आदि मौजूद रहे।



यमुनानगर के गांव दौलतपुर में विकास कार्योंर् का शिलान्यास करते मेयर मदन चौहान व अन्य

# मनोहर सरकार ने जनहित में किया योजनाओं

## हरियाणा के शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने जगाधरी स्थित अपने कार्यालय पर सुनी

- जनता की समस्याओं का जल्द समाधान करने के लिए संबंधित अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा के शिक्षा, वन एवं पर्यटन मंत्री कंवरपाल ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में सरकार ने आमजन के हित में अनेक योजनाओं को क्रियान्वित किया है। उन्होंने शनिवार को जगाधरी स्थित अपने कार्यालय पर लोगों की जनसमस्याएं सुनते हुए उक्त बात कही। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनी और अधिकांश का मौके पर निपटान कर दिया। जबकि शेष समस्याओं को संबंधित अधिकारियों के पास भेजकर उनका जल्द समाधान करने के निर्देश दिए।

शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने कहा कि केंद्र में मोदी सरकार और प्रदेश में मनोहर सरकार ने 9 वर्षोंर् में गरीबों को उनके सपने साकार करने के लिए कई योजनाओं को क्रियान्वित कराया है। आज देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं और आने वाले समय में और भी तेजी से विकास कार्य करवाए जाएंगे।

उन्होंने व्यापक जनहित के कार्योंर् के लिए अधिकारियों को अपने स्तर पर ही त्वरित कदम उठाने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को चेताया कि ऐसे कार्योंर् में किसी भी प्रकार की कोई कोताही न की जानी चाहिए।

शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा आमजन के हित में अनेक योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। जिनका जनता को सीधा लाभ नागरिकों को मिल रहा है। योजनाओं के ऑनलाइन होने से अब घर बैठे ही लोगों के काम हो रहे हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल निरंतर जनहित के कार्योंर् के लिए तत्पर रहते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार हर वर्ग के लिए काम कर रही है। प्रदेश में विकास की नई इबारत लिखी गई है। लोगों का विश्वास सरकार में बढ़ा है। उसी विश्वास और भरोसे को आगे बढ़ाते हुए वे लोगों के विकास के लिए दिन रात लगे हुए है। विकास योजनाओं का लाभ नागरिक उठाए और अपने जीवन स्तर को ऊंचा उठाए। अंतिम व्यक्ति को विकास से जोड़ा है और उन्हें मुख्यधारा में शामिल किया गया है।

मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा, मंडल अध्यक्ष विपुल गर्ग, भाजपा युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष निश्चल चौधरी, जिला मीडिया प्रमुख कपिल मनीष गर्ग, आइटी सेल जगाधरी के अध्यक्ष पीयूष गोगियान व युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष राहुल गढ़ी आदि मौजूद थे।



**यमुनानगर।** अपने कार्यालय पर जनसमस्याएं सुनते हुए शिक्षा मंत्री कंवरपाल।

# निःस्वार्थ सेवा से प्रभु करते भक्तों पर अपनी कृपा

**यमुनानगर।** इस्कॉन द्वारा अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव के उपलक्ष में शहर के सिटी पैलेस में आयोजित की जा रही श्रीमद्भागवत कथा में शनिवार को वृंदावन से पधारे कथाव्यास हयाग्रीव दास ब्रह्मचारी ने श्रद्धालुओं को निःस्वार्थ सेवा करने के महत्व को समझाया। मौके पर भजनों के माध्यम से प्रभु का गुणगान किया गया। कथाव्यास हयाग्रीव दास ब्रह्मचारी ने फरमाया कि हर जीव में परमात्मा का वास है। इसी भाव से मानव सेवा की जाए तो उससे बड़ी कोई सेवा नहीं है। निःस्वार्थ सेवा से प्रभु भक्तों पर प्रसन्न होकर अपनी कृपा करते हैं। ब्रह्मचारी ने कहा कि हम किसी का भला करते हैं सेवा करते हैं तो उसे और लोगों को बताते हैं। ब्रह्मचारी कलयुग का प्रभाव लगातार बढ़ रहा है। यह प्रभाव इंसान से कई तरह के गलत कार्य करवाता है। इसी से मानव का आने वाला भविष्य अंधकारमय हो जाता है। उन्होंने फरमाया कि जब इंसान को बुद्धि दी गई है तो उसे अपने अच्छे बुरे का ज्ञान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान की प्राप्ति के लिए भक्ति जरूरी है। भक्ति के लिए सत्संग जरूरी है और सत्संग भी भक्त जनों के साथ ही मिलकर हो सकता है। ब्रह्मचारी महाराज ने कहा कि भगवान प्राप्ति के लिए जरूरी नहीं की आप वनवास धारण करो। अपने परिवार के बीच में रहकर भी अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए आप प्रभु को पा सकते हैं। उन्होंने कहा कि एक लक्ष्य निर्धारित होना चाहिए। मौके पर भजनों द्वारा प्रभु का गुणगान किया गया। भजन सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए।



यमुनानगर में इस्कॉन द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत में कथाव्यास हयग्रीव दास ब्रह्मचारी से आशीर्वाद लेते श्रद्धालु।

# आप की बदलाव यात्रा का 19 दिसंबर को रादौर में पहुंचने पर होगा भव्य स्वागत

**रादौर।** आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं की शनिवार को कस्बा में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आम आदमी पार्टी की ओर से शुरु की गई बदलाव यात्रा के 19 दिसंबर को रादौर में पहुंचने पर भव्य स्वागत किए जाने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के कुरुक्षेत्र लोकसभा के उपाध्यक्ष शिवकुमार शास्त्री ने की। उपाध्यक्ष शिव कुमार शास्त्री ने बताया कि 19 दिसंबर को बदलाव यात्रा रादौर में पहुंचेगी। जिसका भव्य स्वागत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रादौर में पदयात्रा का नेतृत्व आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी निर्मल सिंह व प्रदेश उपाध्यक्ष चित्रा सरवारा करेंगी। शिवकुमार शास्त्री व कर्म सिंह बुट्टर ने बताया कि प्रदेश की जनता अब बदलाव की मांग कर रही है। जिसको देखते हुए आम आदमी पार्टी ने पूरे प्रदेश में बदलाव यात्रा का शुभारंभ किया है। बदलाव यात्रा रादौर के जेएमआईटी चौक से आरंभ होकर अस्पताल रोड, मेन बाजार, मंडी चौक, त्रिवेणी चौक से होती हुई लाडवा की ओर प्रस्थान करेगी। यात्रा के स्वागत को लेकर कार्यकर्ताओं ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। क्षेत्र के सभी कार्यकर्ताओं में यात्रा को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है। उन्होंने क्षेत्र के सभी लोगों से अपील की कि सभी अधिक से अधिक संख्या में यात्रा में शामिल होकर यात्रा को कामयाब बनाए।

# चुनाव में बसपा प्रदेश में अच्छा प्रदर्शन करेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



बहुजन समाज पार्टी ने संगठन को मजबूत करने पर दिया बल

**यमुनानगर।** कैंप में पत्रकारों से बातचीत करते हुए बसपा के वरिष्ठ नेता डॉ. निर्मल सिंह।

बहुजन समाज पार्टी आगामी विधानसभा व लोकसभा चुनाव में अहम भूमिका निभाएगी। प्रदेश में बसपा का संगठन काफी मजबूत है और जनता के हितों के लिए पार्टी मजबूती से कार्य कर रही है। पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी डॉ. निर्मल सिंह ने उक्त शब्द शनिवार को कैंप स्थित कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहे। बसपा के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी डॉ. निर्मल सिंह ने कहा कि प्रदेश और देश में बहुजन समाज पार्टी का संगठन मजबूत हो रहा है। इसका मुख्य कारण पार्टी की नीतियों से जनता प्रभावित है। उन्होंने कहा कि आज राजनीति का स्तर दिन पर दिन गिरता जा रहा है।

जिससे जनता का राजनेताओं और राजनीतिक दलों से विश्वास उठने लगा है। डॉ. निर्मल सिंह ने कहा कि बसपा के संस्थापक चौ. कांशीराम ने जब 14 अप्रैल 1984 को पार्टी की स्थापना कर समाज में बिना भेदभाव के राजनीति को साकार करने का सपना संजोया था। मगर आज सभी राजनीतिक दल भेदभाव की राजनीति में विश्वास करते हैं। डॉ. निर्मल सिंह ने कहा कि अगले विधानसभा और लोकसभा चुनाव में बसपा प्रदेश में अच्छा प्रदर्शन करेगी। पार्टी हाईकमान उन्हें भविष्य में जो जिम्मेवारी देगी वह उसे पूरी ईमानदारी से निभाएंगे। उन्होंने कहा कि वह युवाकाल से ही बसपा पार्टी में सच्चे सिपाही की तरह सेवा कर रहे हैं। डॉ. निर्मल सिंह ने कहा कि बसपा के संगठन को मजबूत किया जा रहा है। जिसमें वह और पार्टी के अन्य कार्यकर्ता दिलों जान से लगे हैं।

# स्नेचरों ने एक्टिवा सवार महिला से झपटा पर्स

**यमुनानगर।** शहर की गोविंदपुरी रोड पर स्नेचरों ने एक्टिवा सवार महिला से पर्स झपट लिया। पर्स में आई फोन, डेबिट कार्ड और तीन हजार रुपये थे। शिवपुरी ए कालोनी निवासी माधवी शर्मा ने शहर यमुनानगर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपनी भतीजी हरजीत कौर के साथ एक्टिवा पर मॉडल टाउन बाजार में आए थे। यहां से शाम को वह वापस लौट रहे थे। एक्टिवा उसकी भतीजी चला रही थी। जब वह गोबिंदपुरी रोड पर स्कैचर के शोरूम के सामने पहुंचे। तभी पीछे से बाइक सवार दो बदमाश आए और उन्होंने उसके हाथ से पर्स झपट लिया। पर्स में उसका आई फोन, डेबिट कार्ड और तीन हजार रुपये थे।

**बाइक सवार ने छात्रा से छीना मोबाइल**

रपौली निवासी सोनिका ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह जगाधरी कॉलेज से पढ़ाई कर रही है। वह कालेज में परीक्षा देकर पैदल बस स्टैंड जगाधरी की ओर आ रही थी। इसी दौरान उसके पापा का कॉल आ गया। वह पर्स से फोन निकालकर बात करने लगी। तभी बाइक सवार तीन बदमाश आए और उसका मोबाइल झपटकर भाग निकले। वह शोर मचाते हुए पीछे दौड़ी लेकिन तब तक बदमाश फरार हो चुके थे। उसने मामले की सूचना परिजनों व पुलिस को दी।

**विपक्ष की प्रतिक्रिया** — अभियान के तहत जनता को मुख्य मुद्दों से भटकाने का लगाया आरोप

# विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान को विपक्ष ने छलावा करार दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- बेरोजगारों को रोजगार देने के लिए कोई बड़ी परियोजना पर काम नहीं किया जा रहा

भारत को 2047 तक विकसित बनाने के लिए भाजपा द्वारा शुरु किया गया विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम विपक्ष समेत विभिन्न वर्गों को रास नहीं आ रहा है। विपक्षी दलों व विभिन्न वर्गों ने इस अभियान को एक मात्र जनता के साथ छलावा कार्यक्रम बताया है। इस संबंध में हरिभूमि ने विपक्षी दलों के नेताओं व विभिन्न वर्गों से बात की तो उन्होंने अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं दी।

### चुनाव नजदीक आते विकसित भारत बनाने की आई याद



कांग्रेस के रादौर से विधायक डॉ. बिशन लाल सैनी ने बताया कि लोकसभा चुनाव होने में मात्र चार महीने और विधासभा चुनाव होने में मात्र नौ महीने ही शेष बचे हैं। अब चुनाव नजदीक आए हैं तो भाजपा ने विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम का एक नया सगूफा छोड़कर जनता को छलने का काम किया जा रहा है। जिससे जनता को अहम मुद्दों से भटकाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जनसंवाद कार्यक्रम में क्षेत्र के ना तो विधायक की बात पूछी जा रही है और ना ही लोगों की समस्याओं को दूर किया जा रहा है। जनसंवाद कार्यक्रम में चंद लोगों की पेंशन बनाकर व कुछ लोगों को सम्मानित करके चुनावी स्टंट किया जा रहा है।

### किसानों के हित की नहीं होती बात



भारतीय किसान संघ के प्रदेश महासचिव रामबीर सिंह चौहान का कहना है कि जनसंवाद कार्यक्रम में किसानों के हित की बात नहीं की जाती है। जबकि किसान इस देश का अन्नदाता है। सरकार जनसंवाद कार्यक्रम में किसानों के ना तो कर्जे माफ करने की बात करती है और ना ही लागत के अनुरूप उनकी फसलों के दाम देने पर कोई घोषणा करती है। इन जनसंवाद कार्यक्रमों में मात्र चार पांच लोगों की बुढ़ापा पेंशन बनाकर ही वाहवाही लूटी जा रही है।

### समस्याओं को दूर करके बनेगा विकसित भारत



आप के अंबाला लोकसभा क्षेत्र के संयुक्त सचिव व साढ़ौरा ब्लाक के प्रभारी ललित त्यागी ने कहा कि विकसित भारत बनाए जाने का ख्वाब तो अच्छा है। मगर क्या नौ साल से भाजपा को विकसित भारत बनाने की याद नहीं आई है जो अब चुनाव नजदीक आने पर विकसित भारत बनाने के लिए उत्सुकता दिखाई दे रही है। आज प्रदेश में सड़कों की हालत क्षतिग्रस्त है, बेरोजगारी की समस्या ने विकराल रुप धारण किया हुआ है। महंगाई आसमान छू रही है। बेरोजगारों को रोजगार देने के लिए कोई बड़ी परियोजना पर काम नहीं किया जा रहा है। यदि वास्तव में विकसित भारत बनाना है तो जनता की समस्याओं को जड़ से दूर करके उन्हें खुशहाल बनाने से ही यह सपना पूरा हो सकेगा।

### धरातल पर काम होने से बनेगा विकसित भारत



समाजसेवी मनीष मलिक का कहना है कि विकसित भारत बनाने के लिए धरातल पर कार्य अमल में लाना बेहद जरुरी है। जनता खुशहाल होगी तभी विकसित भारत का स्वपन देखा जा सकता है। शिक्षा, स्वास्थ्य और लोगों का खुशहाल जनजीवन ही विकसित भारत की पहचान है। मुफ्त का राशन देकर कुछ दिन तो जनता को खुश रखा जा सकता है। मगर उनका भविष्य नहीं संवारा जा सकता है।

### पोर्टलों के फेर में उलझे लोग



*उद्योग व्यापार मंडल हरियाणा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष संजय मित्तल ने बताया कि जनसंवाद कार्यक्रम जनता को मूर्ख बनाने का काम किया जा रहा है। जनसंवाद कार्यक्रम में भाजपा के नेता और उनके समर्थक ही भाग ले रहे हैं। जनसंवाद में ना जन हैं और ना ही किसी के काम हो रहे हैं। यदि कोई अपनी बात कहने के लिए बोलता है तो उसे जनसंवाद कार्यक्रम से बाहर जाने का रास्ता दिखा दिया जाता है। आज सरकार ने इतने पोर्टल बना दिए हैं। जिनके फेर में लोग उलझकर रह गए हैं। टैक्सों की मार से लोग परेशान हैं।*

## खबर संक्षेप

### केयू की छात्राएं गणतंत्र दिवस पर परेड में करेंगी कदमताल

**कुरुक्षेत्र।** 26 जनवरी 2024 को देश की राजधानी दिल्ली में आयोजित होने वाली परेड में इस बार भी कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की छात्राएं कदमताल करते दिखेंगी। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की इकाई, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के राष्ट्रीय निदेशालय, नई दिल्ली के मार्गदर्शन में वर्ष 2024 के गणतंत्र दिवस परेड शिविर हेतु कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की छात्रा दृष्टि वर्मा एवं भूमि का चयन हुआ है। इन छात्राओं का चयन एनएसएस कैडेट के रूप में किया गया है। इसके लिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने दोनों छात्राओं, एनएसएस कोऑर्डिनेटर डॉ. आनन्द कुमार, आईआईएचएस के प्राचार्य प्रो. संजीव गुप्ता ने बधाई दी है।

### नारी का करें सम्मानः सुरेंद्र थरेजा

**पिहोवा।** श्रीमहंत रामसुंदर दास के आशीर्वाद से श्री बाबा लाल दयाल सभा की ओर से आयोजित प्रभातफेरियों की श्रृंखला में शुक्रवार व शनिवार की प्रभात फेरी महिला संकीर्तन मंडल व दीपक शर्मा परिवार की ओर से मंदिर लाल द्वारा परिसर में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ करवाई गई। विनोद मेहता द्वारा गणेश वंदना तथा राजेंद्र शर्मा द्वारा सरस्वती वंदना के पश्चात भजन गायक विजय चावला, सुखदेव शर्मा, अमित पुरी, नरेश शर्मा, राजकुमार मैहता, शांति स्वरूप, विक्की वोहरा ने अपने भजनों से श्रद्धालुओं को झूमने पर विवश कर दिया।

### अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव: सेल्फी प्वाइंट राम राम जी, जय हरियाणा, हमारा हरियाणा पर फोटो खिंचवानो लगी भीड़

# महोत्सव में पर्यटकों का मनोरंजन कर रहे कलाकार

ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर विभिन्न प्रदेशों के कलाकार अपने शानदार अभिनय से कर रहे सभी को आकर्षित


कुरुक्षेत्र। नृत्य की प्रस्तुति देती कलाकार। फोटो: हरिभूमि



कुरुक्षेत्र। लोक वाद्य यंत्रों की प्रस्तुति देते कलाकार। फोटो: हरिभूमि


कुरुक्षेत्र। सेल्फी लेती कलाकार।


प्रस्तुति देती कलाकार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव के उद्घाटन के लिए पुरुषोत्तपुरा बाग में हरियाणा पैवेलियन दुल्हन की तरह सजकर तैयार हो गया है। हरियाणा पैवेलियन में बने सेल्फी प्वाइंट राम राम जी, जय हरियाणा, हमारा हरियाणा, गीता जयंती, बैलगाड़ी, पुराने दरवाजे, रसाई, आर्च, मटके पर फोटो खींचवाने के लिए लोगों की भीड़ लगी है। उद्घाटन से पहले ही अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव में आने वाले लोगों के आकर्षण का केन्द्र हरियाणा पैवेलियन बना हुआ है। हरियाणा पैवेलियन दरबार पर ही रूककर बिना फोटो खिंचवाए कोई भी व्यक्ति अंदर नहीं जा रहा क्योंकि हरियाणा पैवेलियन का द्वार इतना आकर्षक बना हुआ है कि उसे देखते ही सबका मन सेल्फी लेने के लिए होता है। हरियाणा पैवेलियन में पूरे हरियाणा की झलक को दिखाया गया है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में हरियाणा पैवेलियन को तैयार किया गया है। विश्वविद्यालय की टीम पूरे तन्मयता से इस कार्य में दिन रात लगी हुई है। युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि हरियाणा पैवेलियन के सारे स्टाल तैयार कर दिए गए हैं और इस बार गीता जयंती महोत्सव में देश-विदेश से आने वाले लोगों को पूरा हरियाणा ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर दिखाई देगा जहां हरियाणा की प्रसिद्ध लोक सांस्कृतिक कामधन्धों की झलक दिखाई देगी। वहीं हरियाणा की समृद्ध संस्कृति व रीति-रिवाज से रूबरू होने का मौका मिलेगा। हरियाणा पैवेलियन में खासतौर पर जहां प्राचीन हरियाणा के काम धंधों के दर्शन होंगे वहीं आधुनिक हरियाणा भी दिखाई देगा। लोगों को यह जानने का मौका मिलेगा की पूरे देशभर में हरियाणा आर्थिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक दृष्टि से कितना समृद्ध, साधन सम्पन्न व खुशहाल है। प्रो. महासिंह पूनिया ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा समय-समय पर हरियाणा पैवेलियन का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा ले रहे हैं। कुलपति स्वयं बारीकी से हर चीज पर नजर रखे हुए हैं।

### राष्ट्रपति के आगमन को लेकर पुलिस अलर्ट

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2023 का उपराष्टद्धरपति आज करेंगे उद्घाटन, मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी करेंगे महोत्सव में शिरकत, प्रशासन ने कार्यक्रमों की तैयारियां की पूरी, अंतर्राष्ट्रीय गीता सेमिनार, असम पवेलियन, हरियाणा पवेलियन और जनसंपर्क विभाग की राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का होगा उद्घाटन, महापूजन और महाआरती में करेंगे शिरकत, अंबाला रेंज के आईजी शिवाच कविराज, उपायुक्त शांतनु शर्मा व पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र भौरिया ने किया कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण कुरुक्षेत्र 16 दिसंबर अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2023 में उपराष्टद्धरपति जगदीप धनखड़ के आगमन को लेकर सुरक्षा-व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए है। इन कार्यक्रमों को लेकर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है और हर कार्यक्रम स्थल पर आईपीएस और एचपीएस के साथ-साथ एचसीएस अधिकारियों की डयूटी लगाई गई है। अहम पहलू यह है कि राष्ट्रपति के आगमन से पहले पुरुषोत्तमपुरा बाग, वीआईपी रोड यूनिवर्सिटी, रोड, ब्रहमसरोवर के उतरी गेट की तरफ से दोपहर 2 बजे के बाद आमजन के लिए रोक लगाई गई है। यह नर्णिय सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लिया गा है। इसके लिए बकायदा पुलिस प्रशासन द्वारा एडवाईजरी भी जारी की गई है। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2023 का आगाज उपराष्टद्धरपति जगदीप धनखड़ रविवार 17 दिसंबर को करेंगे। इन कार्यक्रमों में सुरक्षा व्यवस्था का आंकलन करने के लिए अंबाला रेंज के आईजी शिवाच कविराज, उपायुक्त शांतनु शर्मा, पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र भौरियां ने निरीक्षण किया और अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा-नर्दिश भी दिए। उपराष्टद्धरपति जगदीप धनखड़ 17 दिसंबर को सायं 3.40 मिनट पर कुरक्षेत्र वश्विवद्यिालय के ऑडिटोरियम हॉल कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे। यहां पर पौधारोपण करने के बाद 3.50 मिनट पर अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का शुभारंभ करेंगे। इस अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में मुख्यमंत्री मनोहर लाल, राज्यसभा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे।

### हरियाणा पैवेलियन का उद्घाटन आज

*लोक सम्पर्क विभाग के उप-निदेशक डॉ. दीपक राय बब्बर ने बताया कि भारत के उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव में ब्रह्म सरोवर के पावन तट पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा तैयार किए गए हरियाणा पैवेलियन का विधिवत रूप से उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर उनके साथ हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल, राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी, कुरुक्षेत्र के सांसद व हरियाणा भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानन्द जी महाराज, हरियाणा के उच्च शिक्षा मंत्री मूल चंद शर्मा, थानेसर के विधायक सुभाष सुधा, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा, कुरुक्षेत्र के उपायुक्त शांतनु शर्मा, केडीबी के सीईओ अखिल पिलानी मौजूद रहेंगे।*

### पीपल का पेड और पुराने ट्रैक्टर बने आकर्षण का केन्द्र

हरियाणा पैवेलियन में पीपल का पेड़ और पुराने ट्रैक्टर लोगों के आकर्षण बने हुए हैं। पीपल के पेड़ पर लटके मटके और झूमर को हाथ में पकड़कर लोग अपनी फोटो ले रहे हैं। सबसे ज्यादा उत्साह छोटे बच्चों में वहां पर खड़े पुराने ट्रैक्टरों पर बैठकर फोटो लेने का है। इसके साथ-साथ हरियाणा पैवेलियन में खड़ी बैलगाड़ी और पीढे पर बैठकर फोटो खींचवाने में महिलाएं सबसे ज्यादा रूचि दिखा रही हैं। ब्रह्मसरोवर के तट पर सैल्फी लेने वालों की भीड़ लग रही है। दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय महोत्सव में विभिन्न प्रदेशों से आए कलाकार पर्यटकों का मनोरंजन कर रहे हैं।

## 20 को होगा नारी चेतना उत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- गुरु ब्रह्मानंद जयंती पर वैदिक संग्रहालय में होगा 20 से 24 तक 5 दिवसीय महोत्सव


गुरु ब्रह्मानंद ट्रस्ट की अध्यक्षा डॉ. मैत्रेयी आनंद।

जगद गुरु ब्रह्मानंद के जन्मोत्सव पर इस बार पांच दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। थीम पार्क स्थित गुरु ब्रह्मानंद वैदिक संग्रहालय में होने वाले कार्यक्रम 20से 24 दिसंबर तक होंगे। पत्रकारों से बातचीत करते हुए गुरु ब्रह्मानंद ट्रस्ट की अध्यक्षा डॉ. मैत्रेयी आनंद ने बताया कि बुधवार 20 दिसंबर को नारी चेतना उत्सव का आयोजन होगा। जिसमें महिलाएं शामिल होंगी और महिला शक्ति को लेकर व्याख्यान दिया जाएगा। वहीं महिलाएं ब्रह्मसरोवर की कलश धारण कर परिक्रमा भी करेंगी। 21 दिसंबर को बाल चेतना उत्सव मनाया जाएगा। डॉ. मैत्रेयी ने बताया कि 22 दिसंबर को वृद्ध चेतना उत्सव के दौरान बुजुर्गों को सम्मानित करने का काम किया जाएगा। 23 दिसंबर को सैन्य चेतना उत्सव होगा जिसमें पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया जाएगा। 24 दिसंबर को गुरु ब्रह्मानंद का जन्मोत्सव कार्यक्रम होगा।

### नाबालिग से दुष्कर्म में आरोपी को 20 साल कैद

**कुरुक्षेत्र।** फास्ट ट्रैक कोर्ट कुरुक्षेत्र ने नाबालिग से दुष्कर्म करने के दोषी जगदीश वासी जिला लखीमपुर उत्तर प्रदेश हाल वासी कुरुक्षेत्र को 20 साल कठोर कारावास व 15 हजार रुपये जुर्मानें की सजा सुनाई है। जिला उप न्यायावादी भूपेन्द्र कुमार ने बताया कि थाना सदर थानेसर एरिया की रहने वाली महिला ने 24 सितम्बर 2022 को पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया वह अपने पति के साथ शिमला गई थी। जब वह वापिस आई तो उसकी नाबालिग लड़की उम्र 11 साल ने उसे बताया कि उसके चाचा ने उसके साथ गलत काम किया है। जिसकी शिकायत पर थाना सदर थानेसर में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करके जांच महिला पीएसआई संतोष कुमारी को दी गई।

## सुरेंद्र प्रधान व राजबीर बने महासचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। हरियाणा रोडवेज जागृति मंच की नवनियुक्त कार्यकारिणी।

हरियाणा रोडवेज जागृति मंच रजि नं 2089 का द्वितीय महा सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें पूरे हरियाणा प्रदेश के सभी डिपो तथा सब डिपो से कर्मचारियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। महासम्मेलन के इस आयोजन के दौरान राज्य कमेटी के पदों में सभी कर्मचारियों की सहमति से बदलाव किए गए। जिसमें राज्य प्रधान के पद पर सुरेंद्र सिंह, राज्य महासचिव के पद पर राजबीर सैनी, राज्य सचिव अजमेर सिंह तथा वीरेंद्र गुहणा, राज्य खजांची सुनील अलेवा तथा अमन कुमार, कानूनी सलाहकार संदीप खटकड़ तथा विनोद सैनी, ऑडिटर सुखविंद्र भुंगला, प्रैस प्रवक्ता कुलदीप पंचकुला तथा दिलीप सिंह, कार्यालय सचिव सुरेश सैनी तथा नरेश शाक्य, राज्य उप-प्रधान राकेश हुड्डा तथा अभिषेक शर्मा, चेयरमैन रामधन खेड़ा, जोगिंद्र फौजी व वरिष्ठ चेयरमैन प्रदीप दलाल, संगठन सचिव बलकार सिंह तथा अमरजीत सैनी, संपादक मनजीत सिंह व विक्रम खान, मुख्य संपादक सुरेंद्र जांगड़ा व बलराम सिंह, मुख्य सलाहकार सुनील वर्मा व प्रीतम बागड़ी, मुख्य संगठन सचिव संदीप खोखर व राकेश योगी सिरसा, वरिष्ठ उप प्रधान प्रदीप शर्मा,पवन सिंह,अजमेर सिंह पोली व राजेश चमारखेड़ा, वरिष्ठ संगठन सचिव संदीप बिश्नोई व फूलकुमार जींद, राज्य सहसचिव नरेश सैनी, राजबीर लीलवान व योगेश यादव की पदों पर नियुक्ति हुई तथा सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने जागृति मंच को मजबूत करने की शपथ ली।

## न्यूज डायरी

### शिविर में 36 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान



**कुरुक्षेत्र।** अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के अवसर पर सर्व समाज कल्याण सेवा समिति द्वारा शनिवार को ब्रह्मसरोवर के तट पर 749 नंबर स्टॉल पर रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में 36 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। समिति के कोषाध्यक्ष ऋषिपाल गोलन ने कहा कि हम सभी को जीवन में रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है। रक्तदान के लिए सभी को बढ़-चढ़ कर आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि शहर की जनसंख्या का एक प्रतिशत यूनिट ब्लड बैंक में हमेशा उपलब्ध होना चाहिए जिससे गंभीर बीमारी या आपात स्वास्थ्य स्थिति के समय रक्त की कमी पूरी की जा सके।

### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेता सम्मानित




**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र द्वारा अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में कानूनी जागरूकता के लिए स्टॉल नंबर 52-53 लगाई गई है, जहां पर मुफ्त कानूनी सहायता के साथ-साथ अन्य योजनाओं की भी जानकारी दी जा रही है। इस स्टॉल पर डीएलएसए द्वारा प्रश्नोतरी प्रतियोगिता भी रखी गई है जिसमें लोग बढ़ चढ़कर भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता के विजेताओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित भी किया जा रहा है। लोगों को मुफ्त में बुकलेटस और पैंपलेटस भी वितरित किए जा रहे हैं। डीएलएसए के सीजेएम एवं सचिव नितिन राज ने कहा है कि डीएलएसए का उद्देश्य है स्टॉल के माध्यम से लोगों में कानूनी जागरूकता और प्रश्नों के प्रतियोगिता के माध्यम से ज्ञान को बढ़ाना है।

### परियोजना पुस्तक पुनर्लेखन कार्यशाला का शुभारंभ



**कुरुक्षेत्र।** विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान में पुस्तक पुनर्लेखन कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। 16 से 21 दिसम्बर तक चलने वाली इस कार्यशाला में देशभर से 15 लेखक प्रतिभागिता कर रहे हैं। कार्यशाला का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। संस्थान के सचिव वासुदेव प्रजापति ने सभी से किए जाने वाले कार्य की जानकारी ली। कार्यशाला में संस्थान के निदेशक डॉ. रामेन्द्र सिंह ने पूर्व में आयोजित हुई पुस्तक पुनर्लेखन कार्यशालाओं का विवरण देते हुए बताया कि कक्षा 3 से 12 एवं अध्यापकों हेतु चार श्रेणियों में बोधमाला पुस्तकों में नवीन लेखन इस कार्यशाला में पूर्ण कर लिया जाएगा।

### लाडवा हलके की तस्वीर बदल दूंगा : चीमा



**लाडवा।** लाडवा ब्लॉक के गांव बदरपुर में सरदार विक्रम चीमा चेयरमैन ब्लॉक समिति पिपली को मिला भारी समर्थन और गांव वालो ने डोल नगाड़ों से स्वागत किया। गांव की महिलाओं ने भी विक्रम चीमा चेयरमैन के विचारो को सराहना की ओर अपना आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि चीमा हर व्यक्ति के सुख दुख का साथी है और सबको साथ लेकर चलने में विश्वास रखते हैं उन्होंने कहा कि हलके का व्यक्ति ही अपने हल्के का विकास करवा सकता है विक्रम जीत सिंह चीमा ने कहा कि अगर हल्के की जनता ने उन्हें मौका दिया तो वह लाडवा हल्के की तस्वीर ही बदल कर रख देंगे।

### ज्योतिसर में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ



**थानेसर।** अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के पावन अवसर पर श्री गौ गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति के तत्वावधान में एवं कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड द्वारा आयोजित सप्त दिवस श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। कथा शुभारंभ से पूर्व यजमान पंडित महावीर शर्मा, रमेश शर्मा, प्रवीण बंसल, सुरेन्द्र जिन्दल, ने परिवार सहित भागवत पूजन किया। श्रीमद्भागवत की महिमा सुनाते हुए संस्थापक अध्यक्ष कथाव्यास वेदाचार्य अनिल शास्त्री ने कहा कि इस कलयुग में पापों के प्रायश्चित एवं अपनी अगली व पिछली पीढ़ियों के उद्धार हेतु भागवत अनुष्ठान का सहारा लेना चाहिए। भागवत जी में ही साक्षात श्रीकृष्ण का विग्रह स्थापित है। भागवत रूपी अमृत का पान करने के लिए देवता भी मनुष्य रूप में आते है। कथा में भागवत जी की महिमा, शक्ति-ज्ञान-वैराग्य की व्याख्या सुनाया गया। कथा के दौरान सुनाए गए भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। भागवत आरती सुनहरी देवी, पूनम देवी, कृष्णा देवी, दया गौतम एवं अन्य भक्त उपस्थित रहे।

## उपराष्ट्रपति आज करेंगे 8वें अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती सेमिनार का उद्घाटन

- तीन दिवसीय 8वें अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती सेमिनार की तैयारियां हुईं पूरी : कुलपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुवि के श्रीमद्भगवद् सदन में रविवार को तीन दिवसीय 8वें अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती सेमिनार का उद्घाटन भारत के माननीय उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ करेंगे। कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने बताया कि 17 दिसम्बर से 19 दिसम्बर के बीच आयोजित होने वाले तीन दिवसीय 8वें अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती सेमिनार की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। वसुधैव कुटुंबकमः श्रीमद भगवद् गीता और वैश्विक एकता विषय पर होने वाले इस अंतरराष्ट्रीय सेमिनार के उद्घाटन अवसर पर हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, मुख्यमंत्री मनोहर लाल, हरियाणा के उच्च शिक्षा मंत्री शिक्षा मूलचंद शर्मा, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज, सांसद नायब सिंह सैनी, विधायक सुभाष सुधा, कुवि कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा सहित अनेक महान विभूतियां उपस्थित रहेंगी तथा सभी वैश्विक कल्याण की भावना को लेकर गीता ज्ञान के द्वारा अपने विचारों को सांझा करेंगे। उन्होंने बताया कि इस अंतर्राष्ट्रीय गीता सेमिनार में अमेरिका, कनाडा, जापान, आस्ट्रेलिया व बुल्गारिया सहित अनेक देशों प्रतिनिधि भागीदारी करेंगे। 8वें अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती सेमिनार के उद्घाटन अवसर पर भारत के महामहिम उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के आगमन को लेकर कुवि प्रशासन व जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा के लिए कुवि कैम्पस में कई चरणों में व्यवस्था कर सुरक्षा इतजाम को पुख्ता किया गया है। लोक सम्पर्क विभाग के उप-निदेशक डॉ. दीपक राय बब्बर ने बताया कि बिना आईडी के ऑडिटोरियम हॉल में किसी भी तरह का प्रवेश नहीं दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि कुवि के सभी कर्मचारी एवं स्टाफ सदस्य व विद्यार्थियों को अपना यूनिवर्सिटी आईडी कार्ड भी साथ रखना जरूरी है। वहीं कुवि कैम्पस में दो पार्किंग स्थल बनाए गए हैं जो यूनिवर्सिटी कॉलेज मैदान और कॉमर्स विभाग के सामने चिन्हित किए गए हैं।

### जयराम विद्यापीठ में श्रीमद भागवत आज से

**थानेसर।** देश के विभिन्न राज्यों में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी के मार्गदर्शन में श्री जयराम विद्यापीठ में 17 दिसम्बर से 23 दिसम्बर तक अमृतमयी संगीतमय भागवत कथा का आयोजन होगा। भागवत भास्कर आचार्य श्याम भाई ठाकर कहेंगे। कथा के शुभारंभ अवसर पर देश के अनेकों संत महापुरुषों का सान्निध्य प्राप्त होगा। जयराम संस्थाओं के मीडिया प्रभारी राजेश सिंगला ने बताया कि विद्यापीठ में सर्दी और बरसात के मौसम को देखते हुए विशेष विशाल वाटरप्रूफ टेंट का पंडाल बनाया गया है। पंडाल में हजारों लोगों के बैठने के लिए कुर्सियों तथा धरती पर गद्दों की भी व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि श्रीमद भागवत कथा के लिए विशेष आकर्षक स्टेज बनाई गई है।



कुरुक्षेत्र। विद्यापीठ में गीता जयंती महोत्सव पर आयोजित गीता श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता में प्रस्तुति देते हुए विद्यार्थी।

### गीता श्लोकोच्चारण प्रथम आने पर मिला सम्मान

**कुरुक्षेत्र।** विद्यापीठ परिसर में चार दिन चलने वाली प्रतियोगिताओं में पहले दिन शनिवार को श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी के सान्निध्य में गीता श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मानद सचिव उपेंद्र सिंघल ने विशेष तौर पर शिरकत की। जयराम संस्थाओं के मीडिया प्रभारी राजेश सिंगला ने बताया कि गीता श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता में प्रदेशभर से करीब 90 टीमों ने भाग लिया। गीता श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में डा. जितेन्द्र आचार्य, डा. चितरंजन कौशल एवं हरिदेव शास्त्री ने जिम्मेवारी निभाई। इस मौके पर प्रतियोगिता में भाग लेने वाले नन्हें बच्चों ने इतनी कुशलता से शुद्ध संस्कृत श्लोक उच्चारण किया कि बड़े बड़े विद्वान भी दंग रह गए। गीता श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता में डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल तथा श्रीमती केसरी देवी लोहिया जयराम पब्लिक स्कूल प्रथम की टीम प्रथम रही।

### वालीबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मैच में केयू बना चैम्पियन

# पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी हिस्सा लें विद्यार्थी

फाइनल मुकाबले में कुरुक्षेत्र विवि ने गुरु नानक देव विवि अमृतसर को किया पराजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र


कुरुक्षेत्र। प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

- विजेता टीम का पुरस्कार देकर किया सम्मान

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की पुरुष वॉलीबॉल टीम ने नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी वालीबॉल प्रतियोगिता 2023-24 के फाइनल मुकाबले में इतिहास रचते हुए गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर को हराकर पुरुष वॉलीबॉल प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने 20वीं बार लगातार चैम्पियन बनने पर केयू के विजेता खिलाड़ियों एवं केयू स्पोर्ट्स काउंसिल के अध्यक्ष डॉ. नितिन सहगल, कार्यवाहक खेल निदेशक डॉ. राजेश सोबती तथा अर्जुन अवार्डी डॉ. दलेल को बधाई दी। उन्होंने कहा कि केयू ने देश को अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी दिए हैं। कुलपति प्रो. सोमनाथ ने कहा कि जल्द ही कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में भी खिलाड़ियों को बड़ा मल्टीपर्पज हॉल की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। बिना किसी विरोध या शिकायत के इस टूनार्मेट का आयोजन अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने जनवरी 2024 के अंत में केयू में आयोजित होने वाली ऑल इंडिया प्रतियोगिता में क्वालिफाई करने वाली चारों टीमों को भी बधाई एवं शुभकामनाएं दी एवं मैडल देकर खिलाड़ियों को सम्मानित किया। प्रतियोगिता में तीसरे स्थान पर पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ तथा चौथे स्थान पर हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी शिमला रही।

### शहर के ट्रेफिक की व्यवस्था को रखें सुचारू



**थानेसर।** ऑल इंडिया लॉयर्स फौरम के प्रदेश सचिव एडवोकेट अंकित गुप्ता ने कहा कि गीता जयंती के अवसर आजकल सड़कों पर बहुत ज्यादा भीड़ है। इसलिए जिला कप्तान ने हर जगह वैसे तो ड्यूटियां पुलिस कर्मचारियों की लगाई हुई है लेकिन हर चौक पर हर मोड़ पर वह अपनी कर्तव्य का पालन बड़े ईमानदारी से करें और जनता को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। चौक पर खड़े होकर अच्छी तरह से जनता के आने जाने का रास्ता बनवाने में सहायता करें ताकि आने-जाने में किसी को कोई दिक्कत ना हो।

